दिनांक 5 अगस्त 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा , पदभार ग्रहण करते ही निकले निरीक्षण पर

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज छावनी क्षेत्र का दौरा किया लगभग 4 किलोमीटर पैदल चलते हुए उन्होंने गली मोहल्ले में जाकर साफ-सफाई एवं डेंगू नियंत्रण/बचाव के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी वहां के रहवासियों से प्राप्त की!

श्री रघुवंशी ने आयुक्त का पदभार ग्रहण करते ही अपना निरीक्षण शुरू कर दिया है उन्होंने छावनी के गली मोहल्लों में घर-घर जाकर डेंगू नियंत्रण के लिए बांटे जा रही टेमीफास वितरण की जानकारी मोहल्ले के रहवासियों से प्राप्त की , उन्होंने मकान मालिकों से पूछा कि टेमीफास प्राप्त हुई है या नहीं , कितनी मात्रा में कितने बॉटल प्राप्त हुई है , प्राप्त होने बताने पर यह जानकारी ली की किस कार्य के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है , क्या घर में कूलर है तो उसमें टेमीफास का उपयोग किया जा रहा है कि नहीं या कहीं जलजमाव तो नहीं हो रहा है, साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारी आते हैं या नहीं, निरंतर फागिंग हो रही है कि नहीं, नालियों में मलेरिया आयल का छिड़काव हो रहा है कि नहीं सफाई कर्मचारी कब कब आते हैं यह सब जानकारी प्राप्त की!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!